**SNBP International & Sr. Secondary School, Chikhali, Pune**
Affiliation No. 1130703
**PT 2/ TERM-I 2024-25**
**Hindi Revision Worksheet**

**Grade-5** **Topic- १. विमल इंदु की विशाल किरणें, भारत मंदिर २. चींटा चूज़ा भाई-भाई ३. चाचा का पत्र, ४. मंत्री की परख, ५. दोहे ६. एक टोकरी भर मिट्टी, ७. चूहा और मैं, व्याकरण- संज्ञा, संज्ञा के विकार सर्वनाम, विशेषण, विलोम शब्द, पर्यायवाची शब्द, संवाद लेखन, पत्र लेखन, अपठित गद्यांश, पठित पद्यांश, गद्यांश**

खंड-अ

प्रश्न-१) दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

बहुत पुरानी बात है। सुंदर गाँव में साधु सिंह और शैतान सिंह नाम के दो भाई रहा करते थे। साधु सिंह छोटा था, वह खूब मेहनती और ईमानदार व्यक्ति था। वह गाँव वालों का आदर किया करता था। इस वजह से गाँव वाले उसे खूब प्यार करते थे। जबकि उसका बड़ा भाई शैतान सिंह बेईमान और दुष्ट व्यक्ति था। शैतान सिंह किसी का आदर नहीं करता था। उनके पिता अनाज का धंधा करते थे। पिता के देहांत के समय वे दोनों छोटे थे और मिलजुल कर रहते थे। वे बड़े हुए तो शैतान सिंह के मन में बेईमानी आ गई। उसने पिता की दुकान पर लड़-झगड़कर कब्जा कर लिया।

१) साधु सिंह कैसा व्यक्ति था?

क) कामचोर और आलसी ख) मेहनती और ईमानदार ग) बुद्धिमान घ) इनमें से कोई नहीं

२) शैतान सिंह कैसा व्यक्ति था?

क) सज्जन और परिश्रमी ख) अत्यंत कमजोर ग) बेईमान और दुष्ट घ) इनमें से कोई नहीं

३) साधु सिंह और शैतान सिंह के पिता क्या काम करते थे?

क) अनाज का धंधा ख) कपड़े का धंधा ग) ईंटों का धंधा घ) लड़कियों का धंधा

४) पिता के देहांत के समय दोनों भाई कैसे थे?

क) बड़े ख) छोटे ग) चतुर घ) बेईमान

५) 'ईमानदार' शब्द का विलोम क्या होगा??

क) बेईमान ख) चतुर ग) समझदार घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न-२) दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

मेरे घर के आगे एक बगीचा है। उसमें कई रंग-बिरंगे तरह-तरह के फूलों के पौधे लगे हैं। वहाँ गुलाब, गेंदा, मोगरा आदि के पौधे लगे हुए हैं। सर्दी का मौसम आते ही उनमें सुंदर-सुंदर रंग-बिरंगे फूल लगते हैं। हम हमेशा कुर्सी लगाकर बगीचे में बैठते हैं। बगीचे में बहुत से पक्षी भी आते हैं। फूलों पर तितलियाँ मँडराती रहती हैं। मेरे पिताजी को बागवानी का बहुत शौक है। वे छुट्टी के दिन पौधों की देखभाल करते हैं। हम सब भी उनकी मदद करते हैं। हमें पौधों को देखना बहुत पसंद है।

१) घर के आगे क्या है?

क) एक कमरा  ख) एक बगीचा  ग) एक खेलने का मैदान  घ) इनमें से कोई नहीं

२) बगीचे में कौन-कौन से पौधे लगे हैं?

क) चमेली और गेंदा  ख) गुलाब और चमेली  ग) गुलाब, गेंदा और मोगरा  घ) इनमें से कोई नहीं

३) फूलों पर कौन मँडराती रहती हैं?

क) तितलियाँ  ख) मक्खियाँ  ग) मच्छर  घ) इनमें से कोई नहीं

४) किसको बागवानी का बहुत शौक है?

क) मित्र को  ख) माताजी को  ग) पिताजी को  घ) बहन को

५) 'गरमी' शब्द का विलोम शब्द__________होगा।

क) वर्षा  ख) सर्दी  ग) पतझड़  घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न-३) दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए-

१) किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को__________कहते हैं?

क) संज्ञा  ख) क्रिया  ग) विशेषण  घ) सर्वनाम

२) "भारत एक विशाल देश है।" वाक्य में रेखांकित शब्द में संज्ञा का कौन-सा भेद है?

क) भाववाचक संज्ञा  ख) जातिवाचक संज्ञा  ग) समुदायवाचक संज्ञा  घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा

३) 'जेठ' शब्द का स्त्रीलिंग __________होगा।

क) लेखिका  ख) गायिका  ग) जेठानी  घ) पाठिका

४) जो कविता लिखता है, उसे क्या कहते हैं?

क) कवि ख) लेखक ग) पाठक घ) गायक

५) 'पहिया' शब्द का बहुवचन रूप __________ होगा।

क) पहिए ख) मालाएँ ग) पहिआ घ) इनमें से कोई नहीं

६) 'लेखिका' शब्द का पुल्लिंग____________ होगा।

क) सुनार ख) सेठ ग) नौकर घ) लेखक

७) 'कलियाँ' शब्द का एकवचन क्या होगा?

क) कली ख) फली ग) चली घ) कलिए

८) "तुम कहाँ रहते हो?" वाक्य में सर्वनाम का कौन-सा भेद है?

क) निश्चयवाचक सर्वनाम ख) अनिश्चयवाचक सर्वनाम ग) प्रश्नवाचक सर्वनाम घ) पुरुषवाचक सर्वनाम

९) दूध में_______ गिर गया है। वाक्य में सही सर्वनाम लिखिए।

क) वह ख) यह ग) कुछ घ) तुम

१०) "मेरी साड़ी लाल रंग की है।" वाक्य में विशेषण का कौन-सा भेद होगा?

क) संख्यावाचक विशेषण ख) गुणवाचक विशेषण ग) परिमाणवाचक विशेषण घ) इनमें से कोई नहीं

११) जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, वे__________कहलाते हैं।

क) संज्ञा ख) विशेषण ग) क्रिया घ) सर्वनाम

१२) 'फूल' शब्द का पर्यायवाची ____________होगा।

क) पुष्प ख) पौधे ग) कली घ) वृक्ष

१३) 'स्वदेश' शब्द का विलोम शब्द __________होगा।

क) बहादुर ख) विदेश ग) अपना देश घ) कायर

१४) “वह पेंसिल से लिखता है”। रेखांकित शब्द के लिए सही कारक क्या होगा?

क) कर्ता कारक ख) कर्म कारक ग) करण कारक घ) अपादान कारक

प्रश्न-४) दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

पद्मवीर ने सब्जियों और कद्दू वाला मटका राजा के सामने रख दिया और बोला, “महाराज, यह कुछ ताजा सब्ज़ियाँ हैं और मैं मटके में कुछ बुद्धिमानी भी लेकर आया हूँ। आप अपने राज्य के किसी बुद्धिमान व्यक्ति को बुलाइए और उससे कहिए कि वह अपनी बुद्धि से मटके को फोड़ बिना या कद्दू को काटे बिना समूचा कद्दू मटके से बाहर निकाल लें।

१) पद्मवीर ने राजा के सामने कैसा मटका रखा?

क) फल और सब्जियों वाला ख) सब्जियों और कद्दू वाला ग) कद्दू और फूल वाला घ) इनमें से कोई नहीं

२) किसने मटका राजा के सामने रखा?

क) परमवीर ख) परवीर ग) पद्मवीर घ) इनमें से कोई नहीं

३) पद्मवीर ने राजा के राज्य से कैसे व्यक्ति को बुलाने के लिए कहा?

क) बुद्धिमान व्यक्ति को ख) बेईमान व्यक्ति को ग) ईमानदार व्यक्ति को घ) शर्मीले व्यक्ति को

४) पद्मवीर ने किसके सामने शर्त रखी थी?

क ) चूहे के ख) मित्र के ग) महाराज के घ) इनमें से कोई नहीं

५) ‘बाहर’ शब्द का विलोम शब्द ___________होगा।

क) अंदर ख) सावधान ग) दिन घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न-५) दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

साँच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप।

जाके हिरदै साँच है, ताके हिरदै आप ।।

१) सच के समान क्या नहीं है?

क) तपस्या ख) ईश्वर ग) राजा घ) इनमें से कोई नहीं

२) झूठ बोलना सबसे बड़ा क्या है?

क) दुख ख) पाप ग) पानी घ) इनमें से कोई नहीं

३) जिसके हृदय में सच्चाई है, उसके हृदय में कौन बसते हैं?

क) तरुवर ख) सज्जन ग) भगवान घ) इनमें से कोई नहीं

४) ‘ ___________बराबर तप नहीं’ पंक्ति में सही शब्द क्या आएगा?

क) साँच ख) तप ग) मंदिर घ) इनमें से कोई नहीं

५) ‘साँच’ शब्द का सही अर्थ ___________होगा ।

क) नमन ख) तालाब ग) सच्चाई घ) तारीफ़

खंड- ब

प्रश्न-६) दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए।

१) हाथी किस मार्ग से भेजा गया?

क) जलमार्ग ख) रेलमार्ग ग) सड़कमार्ग घ) वायुमार्ग

२) जापानी बच्चों ने नेहरू जी से क्या माँगा था?

क) घोड़ा ख) बिल्ली ग) हाथी घ) पैसा

३) गाँव का मुखिया कौन था?

क) बत्तख ख) चूज़े ग) मेंढक घ) गैंडाराम

४) चुहिया, चूज़े और बतख किसको देखकर डर गए?

क) घोड़ को ख) बिल्ली को ग) मेंढक को। घ) कबूतर को

प्रश्न-७) दिए गए किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए।

क) माई का लाल कौन है?

ख) करवीर के राजा का दूसरा प्रश्न क्या था?

ग) ज़मींदार विधवा की झोपड़ी क्यों हथियाना चाहता था?

घ) क्या सोचकर लेखक ने चूहे को मारना उचित नहीं समझा?

प्रश्न-८) दिए गए किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए।

क) लेखक के घर आने पर चूहा क्यों आनंदित हो उठा?

ख) ज़मींदार का हृदय परिवर्तन कैसे और क्यों हुआ?

ग) शाही दरबार में काम करने के लिए कौन-सी गुड़िया सही थी और क्यों?

खंड- क

प्रश्न-९) रीमा और आइसक्रीम वाले के बीच संवाद लिखिए।

प्रश्न-१०) अपने मित्र को जन्मदिन का निमंत्रण देते हुए पत्र लिखिए।